CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

वर्ष- 27 ◻ अंक- 298 ◻ रायपुर, शुक्रवार 22 नवम्बर 2024 ◻ पृष्ठ-8 ◻ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में 10 नक्सली ढेर 3 ऑटोमेटिक गन सहित कई हथियार बरामद





**सुकमा,** 22 नवंबर (हाईवे चैनल)। कोंटा के भेज्जी इलाके में हुए पुलिस नक्सली मुठभेड़ में जवानों को बड़ी कामयाबी मिली है. सुरक्षाबल के जवानों ने 10 नक्सलियों को मार गिराया है. वहीं मौके से 3 ऑटोमेटिक गन सहित कई हथियार बरामद किए गए है. इसकी पुष्टि डीआईजी कमलोचन कश्यप ने की है। बता दें कि गुरुवार को ओडिशा के रास्ते बड़ी संख्या में नक्सलियों के छत्तीसगढ़ की सीमा में प्रवेश करने की सूचना मिली थी, जिसके बाद ष्ठक्रत्र की टीम नक्सलियों के घेराबंदी के लिए रवाना हुई थी. शुक्रवार को सुबह सुबह कोंटा के भेज्जी इलाके में नक्सलियों की मुठभेड़ डीआरजी के जवानों के साथ हुई है, जिसमें जवानों ने 10 नक्सलियों को ढेर कर दिया है. इलाके में फिलहाल सर्चिंग अभियान जारी है।

### मुख्यमंत्री ने जवानों की सराहना की

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सुरक्षाबलों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी सरकार नक्सलवाद के प्रति ज़ीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि बस्तर में विकास, शांति और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना उनकी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बस्तर में शांति , विकास और प्रगति का दौर लौट आया है। उन्होंने सुरक्षा बलों को उनके अदम्य साहस और समर्पण के लिए बधाई देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ से नक्सलियों का सफाया निश्चित है । मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के द्वारा मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ से नक्सलियों के सफ़ाये के लक्ष्य की पूर्ति की दिशा में हम सुनियोजित तरीक़े से आगे बढ़ रहे है। वहीं एके-47 के अलावा, बलों ने अन्य हथियारों के अलावा एक इंसास और एक सेल्फ-लोडिंग राइफल भी बरामद की है। इस साल जनवरी से अब तक कम से कम 257 नक्सली मारे गए हैं, जबकि 861 गिरफ्तार किए गए और 789 अन्य ने आत्मसमर्पण कर दिया। मौतों की संख्या 2010 के उच्चतम स्तर 1,005 से 90 प्रतिशत कम होकर सितंबर 2024 तक 96 हो गई है। चार दशकों के बाद 2022 में पहली बार मौतों की संख्या 100 से कम रही।

### अडानी को एक और बड़ा झटका

## केन्या ने 6000 करोड़ की डील कर दी कैंसिल



**नई दिल्ली,** 22 नवम्बर (न्यूज चैनल)। अमेरिका में ग्रीन एनर्जी प्रोजेक्ट विवाद के बाद ईस्ट अफ्रीकन देश केन्य ने अडानी ग्रुप को बड़ा झटका दिया है। केन्या ने अडानी ग्रुप के साथ एक बड़ी एनर्जी डील की थी। जिसे अब कैंसिल कर दिया गया है। दरअसल, अडानी एनर्जी सॉल्यूशन ने इसी साल अक्टूबर में कीनिया इलेक्ट्रिकल ट्रांसमिशन कंपनी के साथ एक डील साइन की थी। एक समझौता किया था। ये समझौता तीस साल के लिए हुआ था। आपको बता दें कि अडानी ग्रुप पर हाल ही में अमेरिका में घूसखोरी के गंभीर आरोप लगे हैं। माना जा रहा है कि इन आरोपों के बाद कीनिया सरकार ने ये कदम उठाया है। पहले अमेरिका में कोर्ट में ये मामला गया। ये आरोप लगे कि उन्होंने यहां पर कॉन्ट्रैक्ट पाने के लिए रिश्वत दी है। जिसके बाद अब केनिया सरकार ने अडानी ग्रुप के साथ 6 हजार करोड़ की पावर ट्रांसमिशन डील को रद्द कर दिया। इस प्रोजेक्ट के तहत अडानी ग्रुप कीनिया में पावर ट्रांसमिशन लाइंस का निर्माण करने वाली थी।

केन्या के राष्ट्रपति विलियम रुटो ने कहा कि उन्होंने संबंधित एजेंसियों को नैरोबी के जोमो केन्याटा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (जेकेआईए) और अडानी समूह के साथ एक राज्य के स्वामित्व वाली बिजली सेवा से संबंधित चल रही खरीद प्रक्रिया को तुरंत रद्द करने का निर्देश दिया है। एसोसिएटेड प्रेस की रिपोर्ट के अनुसार राष्ट्र के नाम संबोधन में रुतो ने कहा कि यह निर्णय हमारी जांच एजेंसियों और साझेदार देशों द्वारा प्रदान की गई नई जानकारी के आधार पर लिया गया है। हालांकि, उन्होंने संयुक्त राज्य अमेरिका का नाम नहीं लिया। भ्रष्टाचार पर निर्विवाद सबूत या विश्वसनीय जानकारी मिलने पर मैं निर्णायक कार्रवाई करने में संकोच नहीं करूंगा। अडानी समूह एक समझौते पर हस्ताक्षर करने की प्रक्रिया में था, जो नैरोबी में केन्या के मुख्य हवाई अड्डे का आधुनिकीकरण करने वाला था। इसके अंतर्गत एक अतिरिक्त रनवे और टर्मिनल का निर्माण किया जाएगा

### अदाणी और रिश्वत के आरोपों पर व्हाइट हाउस का बयान

## 'भारत-अमेरिका संबंधों की नींव मजबूत है'

इधर अमेरिका ने दिग्गज भारतीय कारोबारी गौतम अदाणी और उनके सहयोगियों के खिलाफ अमेरिकी अभियोजकों द्वारा लगाए गए आरोपों पर प्रतिक्रिया दी। व्हाइट हाउस की प्रेस सचि कैरीन जीन-पियरे से एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पूछा गया कि क्या इन आरोपों से दोनों देशों के संबंधों पर कोई असर पड़ेगा, तो उन्होंने कहा, हम इन आरोपों से अवगत हैं और इसके बारे में अधिक जानकारी के लिए आपको सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन (एसईसी) और न्याय विभाग (डीओजे) से संपर्क करना होगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका और भारत के संबंध एक मजबूत नींव पर आधारित हैं, जो दोनों देशों के लोगों के बीच रिश्तों और वैश्विक मुद्दों पर सहयोग से स्थापित हुए हैं। हम मानते हैं और पूरी तरह से आश्वस्त हैं कि हम इस मुद्दे को भी समाधान की दिशा में ले जाएंगे, जैसा कि हमने अन्य मामलों में भी किया है। अदाणी समूह पर आरोप हैं कि उसने कथित तौर पर सौर उर्जा अनुबंधों के लिए 250 मिलियन अमेरिकी डॉलर (करीब 2,100 करोड़ रुपये) रिश्वत दी थी, जिसके बाद के बाद अमेरिकी अभियोजकों ने जांच शुरू की है। हालांकि, व्हाइट हाउस ने इस मुद्दे पर अधिक विवरण देने से इनकार किया और यह भी कहा कि इस मामले के बारे में सही जानकारी एसईसी और न्याय विभाग ही दे सकते हैं। जीन-पियरे ने जोर देकर कहा कि अमेरिका और भारत के संबंध बेहद मजबूत हैं और इन आरोपों का उनके द्विपक्षीय संबंधों पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

### ब्रेकिंग न्यूज

#### शेयर बाजार में हरियाली; अदाणी के शेयर भी संभले, सेंसेक्स 700 अंक चढ़ा, निफ्टी 23550 पार

**नई दिल्ली,** 22 नवम्बर (न्यूज चैनल)। भारतीय बेंचमार्क इक्विटी इंडेक्स, सेंसेक्स और निफ्टी 50, पिछले सत्र में पांच महीने के निचले स्तर पर फिसलने के बाद शुक्रवार को बढ़त के साथ खुले। अदाणी समूह के मुखिया गौतम अदाणी से जुड़ा नया विवाद सामने आने और अमेरिकी श्रम बाजार में मजबूती का संकेत देने वाले आंकड़ों के बाद हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन बीएसई सेंसेक्स 500 अंक या 0.64त्न बढ़कर 77,648 पर कारोबार करता दिखा। निफ्टी50 156 अंक या 0.67त्न बढ़कर 23,506 पर कारोबार करता दिखा।

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में एसबीआई, आईसीआईसीआई बैंक, टाटा मोटर्स, पावर ग्रिड, इंडसइंड बैंक और एनटीपीसी में बढ़त दर्ज की गई। दूसरी ओर, केवल अदाणी पोर्ट्स और एक्सिस बैंक में गिरावट दर्ज की गई। अदाणी समूह के शेयर शुक्रवार को भी दबाव में रहे, जो 8त्न तक गिरकर खुले।

#### काले झंडे लहराना अवैध या अपमानजनक नहीं : हाईकोर्ट

**नई दिल्ली,** 22 नवम्बर (न्यूज चैनल)। केरल की वाम सरकार को झटका देते हुए यहां उच्च न्यायालय ने कहा कि मुख्यमंत्री के काफिले के समक्ष काले झंडे लहराना कोई गैरकानूनी कृत्य नहीं है और यह मानहानि के समान नहीं है। न्यायमूर्ति बी कुरियन थॉमस का फैसला महत्वपूर्ण है क्योंकि पिछले साल राज्य सरकार के जनसंपर्क कार्यक्रम 'नव केरल सदास' के दौरान मुख्यमंत्री पिनराई विजयन को काले झंडे दिखाने के लिए कई युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस कार्रवाई का सामना करना पड़ा था। न्यायमूर्ति थॉमस ने कहा, ''हालांकि दृष्टिगोचर होने वाले संकेत किसी व्यक्ति को बदनाम करने का एक तरीका हो सकते हैं, फिर भी किसी व्यक्ति को काला झंडा दिखाना या लहराना मानहानि नहीं हो सकता है और न ही यह एक अवैध कृत्य है।'' अदालत ने यह फैसला 2017 में यहां के पास उत्तरी परवूर से गुजर रहे विजयन के काफिले के आगे काले झंडे लहराने के लिए तीन व्यक्तियों के खिलाफ अंतिम रिपोर्ट को रद्द करते हुए दिया।

## ज्ञानवापी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष को जारी किया नोटिस

### दो सप्ताह में मांगा जवाब

**नई दिल्ली,** 22 नवम्बर (न्यूज चैनल)। ज्ञानवापी मामला- एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में कथित शिवलिंग का भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से सर्वेक्षण कराने की मांग वाली याचिका पर मुस्लिम पक्ष को नोटिस जारी किया। यह याचिका हिंदू पक्ष की ओर से कोर्ट में दाखिल की गई थी। इस पर सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष को नोटिस जारी कर दो सप्ताह में जवाब मांगा है।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ज्ञानवापी मामले में वाराणसी की निचली अदालत में चल रहे सभी 15 मामलों को हाईकोर्ट में स्थानांतरित करने की हिंदू पक्ष की मांग पर सुनवाई कर रही थी। सुप्रीम कोर्ट के समक्ष मामला पेश करते हुए हिंदू पक्ष के वकील ने कहा कि कुछ याचिकाएं जिला जज और कुछ सिविल जज के समक्ष हैं। ऐसे में एक ही मामले पर अलग-अलग कोर्ट से अलग-अलग आदेश आ रहे हैं। इसलिए हमारी मांग है कि ज्ञानवापी से जुड़ी सभी याचिकाओं को एक साथ जोड़कर इलाहाबाद हाईकोर्ट में तीन जजों की बेंच के समक्ष स्थानांतरित किया जाए।

### ट्रंप ने जिसे बनाया था अटॉर्नी जनरल उसने नहीं स्वीकारा पद



**नई दिल्ली,** 22 नवम्बर (न्यूज चैनल)। ट्रंप ने एक बयान में कहा कि मुझे ग्रेट स्टेट ऑफ फ्लोरिडा के पूर्व अटॉर्नी जनरल पाम बॉन्डी को संयुक्त राज्य अमेरिका के हमारे अगले अटॉर्नी जनरल के रूप में घोषित करते हुए गर्व हो रहा है। उन्होंने कहा कि बॉन्डी ने लगभग 20 वर्षों तक अभियोजक के रूप में कार्य किया, इस दौरान वह हिंसक अपराधियों पर बहुत सख्त थीं, और फ्लोरिडा के परिवारों के लिए सड़कों को सुरक्षित बनाया। नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फ्लोरिडा के पूर्व अटॉर्नी जनरल और वफादार पाम बॉन्डी को अमेरिका के अटॉर्नी जनरल के लिए अपने उम्मीदवार के रूप में नामित किया। नया नामांकन पूर्व कांग्रेसी मैट गेट्ज़ द्वारा नामांकन प्रक्रिया से हटने के खुलासा किए जाने के तुरंत बाद किया गया। गेट्ज़ 17 साल की कम उम्र की लड़की के साथ यौन संबंध बनाने और अवैध नशीली दवाओं के उपयोग के आरोपों की हाउस एथिक्स कमेटी की जांच का सामना कर रहे हैं। हालांकि उन्होंने गलत काम करने से इनकार किया है।

## चक्रवाती खतरा, 9 राज्यों में भारी बारिश और तेज हवाओं का अलर्ट, ओलावृष्टि की संभावना



**नई दिल्ली,** 22 नवम्बर (न्यूज चैनल)। देश में मौसम का मिजाज तेजी से बदल रहा है। उत्तर भारत में हाड़ कंपाने वाली ठंड ने दस्तक दे दी है, वहीं दक्षिण भारत के कई हिस्से तेज हवाओं और भारी बारिश का सामना कर रहे हैं। पहाड़ी राज्यों में लगातार बर्फबारी हो रही है, जिससे ठंड बढ़ गई है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (ढ्ढरूष्ठ) ने भविष्यवाणी की है कि 26 नवंबर तक यही स्थिति बनी रहेगी।

उत्तर भारत के राज्यों में सुबह-शाम घना कोहरा छा रहा है। हालांकि, दिन में खिली धूप से ठंड में कुछ राहत मिल रही है। दिल्ली-हृष्टक्र में वायु प्रदूषण का स्तर थोड़ा कम हुआ है, लेकिन घने कोहरे और ठंडी हवाओं के कारण ठंड का असर बढ़ने लगा है। राजस्थान के कई इलाकों में तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच गया है। माउंट आबू में पारा 5 डिग्री सेल्सियस तक लुढ़क गया है, जबकि श्रीनगर का न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 0.4 डिग्री रिकॉर्ड हुआ है। अगले कुछ दिनों में कश्मीर और हिमाचल प्रदेश के कुछ इलाकों में बारिश और बर्फबारी की संभावना है। दक्षिण भारत में लगातार बारिश और तेज हवाओं का सिलसिला जारी है। ढ्ढरूष्ठ के अनुसार, सुमात्रा तट के पास साइक्लोनिक सर्कुलेशन बनने से दक्षिणी अंडमान सागर और दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी में लो प्रेशर एरिया बन रहा है। इसके चलते 26 नवंबर तक केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, पुडुचेरी और अंडमान-निकोबार द्वीप समूह में गरज के साथ बारिश होगी।

## ट्रैक पर उतरने को तैयार है गोल्डन चैरियट लग्जरी ट्रेन, 7 स्टार होटल की सारी खूबियों से है लैस





**रायपुर,** 22 नवंबर (हाईवे चैनल)। भारतीय रेलवे और आईआरसीटीसी की लग्जरी ट्रेनों में से एक गोल्डन चैरियट लग्जरी ट्रेन एकबार फिर ट्रैक पर उतरने को तैयार है। कर्नाटक की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाने वाली गोल्डन चैरियट लग्जरी टूरिस्ट ट्रेन इस बार 14 दिसंबर को रवाना हो रही है। ट्रेन में 13 डबल बेड केबिन, 26 ट्विन बेड केबिन और दिव्यांग मेहमानों के लिए 1 केबिन है। 40 केबिन वाले इस शाही ट्रेन में 80 यात्री सफर कर सकते हैं।

### 7 स्टार होटल से कम नहीं है ये गोल्डन चैरियट लग्जरी ट्रेन

इस ट्रेन का नाम गोल्डन चैरियट है जिसका मतलब होता है स्वर्ण रथ। यात्रियों को शाही फील देने के लिए ट्रेन के सभी आलीशान केबिन एयर कंडीशनर और वाई-फाई से लैस हैं। सभी केबिन में गद्देदार फर्नीचर, लग्जरियस बाथरूम, आरामदायक बेड, शानदार टीवी जिसमें कई ओटीटी के मजे लिए जा सकते हैं। ट्रेन में सैलून का भी खास इंतजाम है। गोल्डन चैरियट लग्जरी ट्रेन में देशी और विदेशी व्यंजनों का विशेष प्रबंध किया गया है। जिसके लिए रुचि और नालापक नाम के दो बेहतरीन रेस्तरां हैं। जहां शाकाहारी और मांसाहारी दोनों तरह के व्यंजन इंटरनेशनल ब्रांडों के क्रॉकरी और कटलरी में परोसे जाएंगे। यात्रियों की सेहत और आरामदायक सफर के लिए इस गोल्डन चैरियट ट्रेन में आरोग्य स्पा भी हैं, जहां स्पा थेरेपी समेत कई स्पा का आनंद लिया जा सकता है। यही नहीं सेहत का ख्याल रखने के लिए एक हाइटेक जिम भी है जहां वर्काउट के लिए बेहद आधुनिक एक्सरसाइज मशीने हैं। मेहमानों को बेहतर सुरक्षा प्रदान करने के लिए पूरी ट्रेन सीसीटीवी कैमरे और फायर अलार्म सिस्टम से लैस है। पूरी ट्रेन किसी 7 स्टार होटल से कम नहीं है। लग्जरी ट्रेन 5 रातें और 6 दिन गुजारने के लिए आपको मात्र 4,00,530 और 5प्रतिशत जीएसटी देना होगा। जिसमें रहना, खाना, प्रवेश टिकट, गाइड आदि शामिल है। अधिक जानकारी के लिए www.goldenchariot.org वेबसाइट पर विजिट करें या फिर goldenchariot@irctc.com पर अपने सवाल भेजें। साथ ही +91 8585931021 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

**2024-25 के लिए रुट-** कर्नाटक का गौरव (5 रातें/6 दिन) - बेंगलुरु से शुरू होकर बांदीपुर, मैसूर, हलेबिदु, चिकमंगलूर, हम्पी, गोवा और वापस बेंगलुरु। दक्षिण के रत्न (5 रातें/6 दिन) - बेंगलुरु से शुरू होकर मैसूर, कांचीपुरम, महाबलीपुरम, तंजावुर, चेट्टीनाड, कोचीन, चेरतला और वापस बेंगलुरु। 14 दिसंबर, 2024- कर्नाटक का गौरव (5 रातें/6 दिन) 21 दिसंबर, 2024-दक्षिण के रत्न (5 रातें/6 दिन) 4 जनवरी, 2025- कर्नाटक का गौरव (5 रातें/6 दिन) 1 फरवरी, 2025 -कर्नाटक का गौरव (5 रातें/6 दिन) 15 फरवरी, 2025-दक्षिण के रत्न (5 रातें/6 दिन) 1 मार्च, 2025- कर्नाटक का गौरव (5 रातें/6 दिन)




**चूहा- सुनती हो, अब अडानी के अमेरिका में घोटाले को लेकर नेता लोग परेशान हैं...!**

**चुहिया- हां जी, नेता लोग पहले अपने घोटाले को तो देखे...!**

CMYK